**Speed Post/By Hand**

पत्रांक– डी0 21019/1/2011– 103

2011

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड
DIRECTORATE OF CENSUS OPERATIONS, JHARKHAND
रियाडा केन्द्रीय कार्यालय भवन, द्वितीय तल, औद्योगिक क्षेत्र, नामकुम, रॉची–834010
RIADA, Central Office Building, 2nd Floor, Industrial Area, Namkum, Ranchi -834010
**Tele Fax :** 0651-2460383/2460410. **Telephone Nos. :** 0651-2460340,2460170
Website :- http://www.censusindia.gov.in
**EMAIL :** dco-jha.rgi@censusindia.gov.in

सेवा में,

दिनांक– 08/03/16

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

## पुर्ननिविदा आमंत्रण

जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड के डाटा सेन्टर में स्थापित ऑनलाईन UPS (20KVA) हेतु 64 नई बैटरी (28AH,12V) मेक PANASONIC/EXIDE/ROCKET/AMRARAJA (AMRON) वारंटी/गारंटी सहित Buyback राशि सहित मुहर बंद लिफाफे में सीमित निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

**निविदा की शर्तें**

1. निविदाएँ केवल PANASONIC/EXIDE/ROCKET/AMRARAJA (AMRON) ब्रांड की बैटरी के लिये ही दी जायेगी। अन्य मेक की बैटरी की निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। फर्म को नई बैटरियों का installation भी करना होगा।
2. गारंटी/वारंटी के विषय में निविदा में अलग से सूचित करना होगा। वारंटी 3 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए।
3. फर्म का लोकल ऑफिस अवश्य होना चाहिए। फर्म का लोकल ऑफिस न होने की स्थिति में दी गयी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. इच्छुक फर्मों द्वारा अपनी दरों का प्रस्ताव दिनांक–29.03.2016 को सॉय 3 बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड, रियाडा केन्द्रीय कार्यालय भवन, द्वितीय तल, आद्योगिक क्षेत्र, नामकुम, राँची–834010 में Speed Post/By Hand द्वारा भेजा जा सकता है।
5. निविदायें दिनांक–29.03.2016 को अपराह्न 4:00 बजे जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड, रियाडा केन्द्रीय कार्यालय भवन, द्वितीय तल, आद्योगिक क्षेत्र, नामकुम, राँची–834010 में खोली जाएगी।
6. निर्धारित समय व तिथि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. उक्त UPS की पूर्व 64 बैटरी (Make-Amron 28AH, 12V) निदेशालय में उपलब्ध है। अतः इन बैटरियों की Buyback की राशि को भी कोटेशन में अलग से अंकित होनी चाहिए। कार्यालय द्वारा पुरानी बैटरी की दर से काट कर नई बैटरी के बिल का भुगतान किया जाएगा।
8. आदेश निर्गत होने के 15 दिनों के अन्दर आपूर्ति करनी होगी।
9. न्यूनतम दर वाली निविदा को कार्य ही आदेश मिल सकेगा।
10. **पुनः लिखावट और सुधारः**–पुनः लिखावट व सुधार (Over Writing) में टेन्डरदाता के हस्ताक्षर होना चाहिए। ऐसा न करने की स्थिति पर ऐसे प्रस्ताव अस्वीकार होने के पात्र होंगे। निविदा के सभी दस्तावेजों और संलग्नकों पर निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर होनी चाहिए।
11. **विलंब से आपूर्तिः**– यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो इस मामले में क्षति–पूर्ति (Liquidated damage charges) 0.5 प्रतिशत की दर से अवशिष्ट कार्य मूल्य वसूली करने का अधिकार यह कार्यालय अपने पास सुरक्षित रखता है। हालांकि निर्धारित समय के

30 दिनों के अन्दर आपूर्ति नहीं की जाती है तो कार्यालय उपरोक्त दर्शायी गयी शर्तों के अनुसार कार्रवाई करेगा।

12. **बयाना जमा रकम (EMD)**:– बयाना जमा रकम (EMD)निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। बयाना जमा रकम (EMD)जमा करने की शर्ते नीचे दर्शायी गयी है।

क. बयाना जमा रकम (EMD) के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत अनुसूचित बैंक का रु० 10000/– (दस हजार रुपये) मात्र का डिमान्ड ड्राफ्ट **''आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड के पक्ष में राँची''** में देय टेन्डरदाता को निविदा के साथ जमा करना आवश्यक है।

ख. निविदा बयाना जमा रकम (EMD) के बिना जमा की गयी होगी तो कार्यालय द्वारा उसे बिना विचार किए ही खारीज कर दी जाएगी।

ग. असफल निविदादाताओं को कार्यालय द्वारा निर्धारित निविदा की वैधता की अवधि समाप्ति के 15 दिनों के भीतर बयाना जमा रकम (EMD) यथा शीघ्र लौटा दी जाएगी।

घ. बयाना जमा रकम (EMD) पर कार्यालय द्वारा कोई ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

च. सफल टेन्डरदाता आवश्यकता/कार्य आदेश को पालन करने में विफल होता है तो कार्य करने की मंजूरी आदेश को रद्द करने और बयाना जमा रकम (EMD) को जप्त करने का पूर्ण अधिकार कार्यालय को होगा, इस घटना में कार्यालय अगले क्रम का कम निविदा लगाने वाले, टेन्डरदाता के प्रस्ताव का मूल्यांकन करके सफल टेन्डरदाता के जोखिम और खर्चे पर खरीद करने की मंजूरी दे सकता है।

13. **(a)भुगतान और ''परिपूर्ति सुरक्षा''** निर्धारित समय सीमा में आपूर्तिकर्ता का कार्य संतुष्टि के साथ पूर्ण होने पर कार्यालय द्वारा भुगतान किया जा सकता है।

    **(b)** आपूर्ति के क्रम में रख–रखाव या ढुलाई के दौरान होने वाले नुकसान की भरपाई कॉन्ट्रेक्टर के द्वारा की जाएगी, इसके लिए अलग से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

14. **बैंक प्रभार**:– बैंक प्रभार यदि कोई हो तो वह सफल टेन्डरदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
15. **विलंबित प्रस्ताव**:– निविदा खोलने की निर्धारित तारीख और समय के बाद प्राप्त कोई भी प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
16. **निविदा खोलने के समय पर उपस्थिति**:– निविदादाता के प्रतिनिधि जो निविदा खोलने के समय पर उपस्थित रहने के लिए इच्छुक है उसे टेन्डरदाता के द्वारा जारी अधिकार पत्र के साथ अनुमति दी जाएगी।
17. भारत सरकार अथवा राज्य सरकार में आपूर्ति नहीं करने के बारे में अथवा विलंबित धीमी आपूर्ति और खरीददार की संतुष्टि अनुसार सामग्री से संबंधित कोई फरियाद होने का मामला अगर कार्यालय के ध्यान में आता है तो प्रस्ताव को अस्वीकार किया जा सकता है।
18. किसी भी निविदा को स्वीकार करना और किसी एक या सभी निविदादाता को रद्द करना खरीददार का अधिकार अनुबंध की मंजूरी के पहले किसी भी निविदा को स्वीकार करना, किसी भी समय निविदा को रद्द करना अथवा किसी एक या सभी निविदादाता को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा और इसी तरह निविदादाताओं को या अन्य को कार्यालय की कार्रवाई के आधार पर प्रभावी टेन्डरदाता को सूचित करने के लिए कार्यालय की जावाबदेही नहीं होगी।

**विशेष टिप्पणी**:–

1. निविदा के प्रस्ताव में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता अयोग्यता के पात्र हो सकती है।
2. सशर्त निविदा का प्रस्ताव सरसरी तौर पर ही अस्वीकार कर दिया जाएगा।
3. उत्पाद कैटलॉग की मूल प्रति निविदा के साथ संलग्न होनी चाहिए एवं साथ ही ओ० ई० एम० के वेबसाईट पर भी उपलब्ध होनी चाहिए।

08/03/16

(ईशवर सिंह खसगवाल)
सहायक निदेशक (का० अ०)

# Prescribed Performa for Bid

I agree to the term and conditions as mentioned in the Tender Notice No. D. 21019/1/2011-……………………….., dated………………………issued by the Government of India, Directorate of Census Operations, Jharkhand, RIADA, Central Office Building, 2nd Floor, Industrial Area, Namkum, Ranchi-834010. It is also certified that our firm has never been debarred or blacklisted for supplying such type of material by any state govt./central govt. or other department.

1. Name of the Manufacture/Dealer…………………………………………………………………..
2. Confirmation regarding supply and delivery of battery bank as per prescribed specification. Battery specification and reputed brand to be the same as specified in the tender notice.

| Item | Description | Quantity | Warranty Period | Make and Rate per Battery | Total Amount (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| Battery Bank | Battery (28AH, 12V) Type-SMF | 64 Nos. | | | |
| Note:- Batteries shall be supplied as factory charges condition | | | | | |

Total amount should be in words and figure both:-

3. Buy back rate for each old battery in Rupees:-
4. PERIOD OF VALIDITY OF OFFER PRICE (in days):-
5. DELIVERY SCHEDULE:-
6. EARNEST MONEY DEPOSIT:- Draft No.:

   Date of Issue:

   Name of the Bank:
7. Document to be enclosed:-
   (a) Sales Tax/VAT clearance certificate:- A copy of latest sales tax/VAT clearance certificate duly self-attested should be submitted along with offer.
   (b) Copies of Balance Sheet of the firm last three years.

Signature……………………………………………

Name……………………………………………..

Name of Manufacturer……………………………

Stamp……………………………………………